# स्टूडेंट्स ने जाना आईआईटी में किन उपकरणों की सहायता से होती है रिसर्च

**फ्लोरोसेंट माइक्रोस्कोपी, इमेजिंग, हाई कंटेंट स्क्रेनिंग और रियल टाइम पीसीआर उपकरणों के बारे में दी गई जानकारी**

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में रिसर्च में काम आने वाले उपकरणों की जानकारी देने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। 12 और 13 मार्च को दो दिन संस्थान के स्टूडेंट्स को बायो इंजीनियरिंग के जीनोमिक्स विषय से संबंधित उपकरणों के बारे में बताया गया। सांइटिफिक उपकरण बनाने वाली थर्मोफिशर कंपनी के उपकरण रिसर्च में क्या भूमिका अदा करते हैं इसे लेकर विशेषज्ञ डॉ. हेम



चंद्र झा ने लाइव डेमो देकर समझाया। फ्लोरोसेंट माइक्रोस्कोपी, इमेजिंग, हाई कंटेंट स्क्रेनिंग एंड रियल टाइम पीसीआर उपकरण से किस तरह रिसर्च की जाती है इस संबंध में स्टूडेंट्स ने सवाल-जवाब भी किए। स्टूडेंट्स को बताया गया कि फ्लोरोसेंट माइक्रोस्कोपी से किस तरह प्रकाश की इमेज ली जाती है और इसकी गति पता की जाती है। सॉफ्टवेयर सेलेस्टे किस तरह तस्वीर लेने और इसके परिणाम निकालने में सहायक होता है इस बारे में भी बताया गया। प्रोटीन इमेजर उपकरण से निकाले जाने वाले परिणाम सॉफ्टवेयर की मदद से स्टूडेंट्स को निकालकर दिखाए गए।

**Nai Dunia (Indore), 14th March 2019, Page-6**